**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2364**
**13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मोटापे के मामले**

**2364. डॉ. संबित पात्राः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में मोटापे से ग्रस्त महिलाओं, पुरुषों, लड़कों और लड़कियों की संख्या के संबंध में कोई आकलन या अध्ययन किया है और यदि हाँ, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या नैदानिक मोटापे और पूर्व-नैदानिक मोटापे की परिभाषा को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में मोटापा निवारण संबंधी एक कृतक बल गठित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार देश में मोटापे के विरुद्ध कोई जन जागरूकता अभियान चला रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या मोटापे को सार्वजनिक स्वास्थ्य महामारी के रूप में वर्गीकृत करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख) आईसीएमआर ने 2008 से 2020 तक, देश भर के 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में "आईसीएमआर-इंडिया डायबिटीज (आईसीएमआर-इंडियाबी)" नामक एक अध्ययन आयोजित किया। इस अध्ययन में 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 113043 व्यक्तियों को शामिल किया गया। इस अध्ययन के आंकड़ों के अनुसार, सामान्यीकृत मोटापे की कुल भारित व्यापकता 28.6% और पेट के मोटापे की 39.5% है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार मोटापे (सामान्यीकृत और पेट के मोटापे) की व्यापकता अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ग) से (ङ) आशाकर्मी, सामुदायिक आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट (सीबीएसी) का उपयोग करके व्यक्तियों के लिए, कमर की परिधि माप सहित, जोखिम मूल्यांकन करते हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक जीवन चक्र दृष्टिकोण लागू करता है, जिसमें देश भर के बच्चों में मोटापे सहित पोषण संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यकलाप शामिल हैं, जो निम्नानुसार है:

i. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा शुरू किए गए 'सही खान-पान अभियान' का उद्देश्य नागरिकों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, को स्वस्थ और पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सक्षम बनाना है और यह जन जागरूकता पैदा करना है कि नमक, चीनी और वसा युक्त खाद्य पदार्थों का नियमित और अत्यधिक सेवन मोटापे का कारण बनता है।

ii. भारत सरकार 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसे देशव्यापी अभियानों के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां लोगों को स्वस्थ और चुस्त रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

iii. राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के माध्यम से शारीरिक गतिविधियों सहित स्वस्थ जीवन शैली के लिए निम्नलिखित गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाता है:

• आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के तहत सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों और लक्षित संचार को बढ़ावा दिया जाता है।

• आयुष मंत्रालय द्वारा योग संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं।

• एनपी-एनसीडी के तहत मुद्रित, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों (आईईसी) के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

• स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक एएएम में स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जाते हैं।

• राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत, सरकार 10-19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के लिए निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक अंत:क्षेप लागू करती है।

• राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत, जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों में स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने और मुफ्त उपचार के लिए एक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम लागू किया जाता है।

******

**दिनांक 13.02.2026 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2364 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक - I**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **सामान्यीकृत मोटापा (%)** | **पेट का मोटापा (%)** |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 38.6 | 54.6 |
| पंजाब | 39.7 | 57.2 |
| चंडीगढ़ | 31.3 | 36.2 |
| उत्तराखंड | 33.4 | 46.1 |
| हरियाणा | 37.8 | 56.9 |
| दिल्ली | 41.8 | 55.0 |
| राजस्थान | 23.4 | 34.6 |
| उत्तर प्रदेश | 24.1 | 33.5 |
| बिहार | 14.5 | 26.1 |
| सिक्किम | 39.8 | 48.4 |
| अरुणाचल प्रदेश | 23.2 | 32.9 |
| नागालैंड | 21.1 | 30.3 |
| मणिपुर | 30.4 | 40.7 |
| मिजोरम | 21.9 | 28.9 |
| त्रिपुरा | 15.5 | 29.6 |
| मेघालय | 13.9 | 24.8 |
| असम | 14.7 | 24.7 |
| पश्चिम बंगाल | 24.8 | 39.4 |
| झारखंड | 11.7 | 16.8 |
| ओडिशा | 28.8 | 39.1 |
| छत्तीसगढ | 18.8 | 29.5 |
| मध्य प्रदेश | 18.3 | 27.2 |
| गुजरात | 22.1 | 28.4 |
| महाराष्ट्र | 16.6 | 18.7 |
| आंध्र प्रदेश | 25.0 | 23.5 |
| कर्नाटक | 22.9 | 31.8 |
| गोवा | 40.3 | 47.6 |

| | | |
|---|---|---|
| केरल | 43.6 | 58.2 |
| तमिलनाडु | 24.5 | 26.6 |
| पुडुचेरी | 45.9 | 51.8 |